देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 15 अंकः 4 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

विचार-प्रवाह...
महा-म्यूजिकल चेयर



# पेज थ्री

देहरादून, शुक्रवार, 29 नवंबर 2019



मौसम | अधिकतम 22.0° | न्यूनतम 10.0°

41130.17

2 बाजवा के एक्सटेंशन को किया 6 महीने
7 मैं भी असफलता से प्रभावित होता हूं

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीलंका के राष्ट्रपति पहली विदेश यात्रा पर भारत पहुंचे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे अपनी पहली आधिकारिक विदेश यात्रा पर बृहस्पतिवार को भारत पहुंच गए। इस तीन दिवसीय यात्रा में राजपक्षे के सचिव पीबी जयसुंदर और प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे के सलाहकार ललित वीरतुंगा भी उनके साथ हैं। राष्ट्रपति राजपक्षे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर भारत आए हैं। इस यात्रा के दौरान वह पीएम मोदी के साथ रणनीतिक द्विपक्षीय रिश्तों को और गहरा करने पर बातचीत करेंगे। राजपक्षे को चीन का करीबी माना जाता है। ऐसे में उनके चुनाव जीतने के बाद यह भारत के लिए कुछ चिंता बढ़ाने मामला है।

### नैनीताल में सड़कों पर बिछी बर्फ की चादर, कुमाऊं में झमाझम बारिश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नैनीताल। कुमाऊं में मौसम का मिजाज बृहस्पतिवार सुबह से पूरी तरह बदल चुका है। आसमान में जहां बादलों का डेरा है, वहीं नैनीताल में ओले पड़ने से पूरी सड़क सफेद हो गई। घरों की छतों ओले की चादर बिछ गई है। रुद्रपुर, हल्द्वानी, बागेश्वर, चम्पावत, रामनगर, अल्मोड़ा में जगह-जहग सुबह से ही रुकरुक बारिश हो रही है। मौसम के रुख बदलते ही तापमान भी काफी गिर गया है।

### शहर की सूरत बिगाड़ रहे पोस्टर, बैनर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

देहरादून। एक तरफ शासन, प्रशासन द्वारा राजधानी दून को स्मार्ट सिटी बनाने की कोशिशें की जा रही है वहीं दूसरी ओर शहर की दीवारों को निजी संस्थानों द्वारा अपने विज्ञापनों के इश्तहारों से पाटा जा रहा है। मुख्यमंत्री राज्य की सांस्कृतिक छवि को उभारने और पर्यटकों को आकृर्षित करने के लिए कला और संस्कृति का दर्शन लोगों को इस तरह की पेटिंग और कलाकृतियों से करना चाहते है वहीं दूसरी ओर यह निजी संस्थान शहर की सूरत को गंदा कर रहे है।

# उद्धव ने ली सीएम पद की शपथ

## 'मी उद्धव बाला साहेब ठाकरे'...सुनते ही शिवसैनिकों में जबरदस्त उत्साह

■शिवसेना से तीसरे और राज्य के 19वें मुख्यमंत्री होंगे उद्धव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है। ठाकरे ने मराठी भाषा में शपथ ली। भगवा रंग के कपड़ों में शपथ लेने पहुंचे उद्धव ठाकरे ने जैसे ही कहा, 'मी उद्धव बाला साहेब ठाकरे... वैसे ही पूरे शिवाजी पार्क में शिवसेना की तरफ से जोर से उद्घोष होने लगा। इस दौरान जबरदस्त आतिशबाजी भी देखने को मिली। बता दें कि उद्धव ठाकरे ठाकरे परिवार से पहले, शिवसेना से तीसरे और राज्य के 19वें मुख्यमंत्री होंगे।

उद्धव ठाकरे के साथ शिवसेना विधायक दल के नेता एकनाथ शिंदे और और सुभाष देसाई ने भी पद और गोपनीयता की शपथ ली। बता दें कि शिवसेना के ये दोनों नेता ही पूर्व की फडणवीस सरकार में भी मंत्री थे। शिंदे जहां ठाणे से आते हैं, वहीं देसाई कोकण क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं।

इसके बाद एनसीपी के जयंत पाटिल ने मंत्री पद और गोपनीयता की शपथ ली।

इसके बाद छगन भुजबल ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। छगन भुजबल एक समय शिवसेना के अक्रामक नेता हुआ करते थे, शिवसेना के विधायक और मुंबई के मेयर रहे। 1991 में उन्होंने शिवसेना को छोड़कर कांग्रेस का दाम थामा था। भुजबल को पिछड़ी जाति का मजबूत नेता माना जाता है।

इसके बाद कांग्रेस के विधायक दल के नेता बाला साहेब थोराट ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। इसके साथ कांग्रेस नेता नितिन राउत ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। नितिन राउत कांग्रेस की एससी यूनिट के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रह चुके हैं।



### पीएम मोदी ने दी बधाई

पीएम नरेंद्र मोदी ने भी उद्धव ठाकरे को सीएम बनने पर बधाई दी। पीएम ने कहा, महाराष्ट्र के सीएम पद की शपथ लेने पर उद्धव ठाकरे को बधाई। मुझे भरोसा है कि वह महाराष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए खूब मेहनत से काम करेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व सीएम और बीजेपी नेता देवेंद्र फडणवीस भी इस दौरान मौजूद थे। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी शपथ समारोह में उपस्थित नहीं हो पाए।

### जारी किया कामन मिनिमम प्रोग्राम

मुंबई। महाराष्ट्र में सरकार बनाने से पहले शिवसेना-एनसीपी और कांग्रेस ने अधिकारिक तौर पर अपने गठबंधन के नाम का ऐलान करते हुए कॉमन मिनिमम प्रोग्राम भी जारी कर दिया। इस कॉमन मिनिमम प्रोग्राम की शुरूआत में ही कहा गया है कि यह गठबंधन संविधान में वर्णित किए गए धर्मनिरपेक्ष मूल्यों को लेकर प्रतिबद्ध है। इसमें किसानों को लेकर कई तरह के ऐलान किए गए हैं। शिवसेना नेता एकनाथ खडसे ने बताया कि इस कॉमन मिनिमम प्रोग्राम पर शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे, एनसीपी प्रमुख शरद पवार और कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के हस्ताक्षर हैं।

## ममता बनर्जी ने बीजेपी को 3-0 से दी मात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में तीन विधानसभा सीटों के लिए हुए उपचुनाव में बीजेपी को बड़ा झटका लगा है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य में अपनी मजबूत पकड़ बरकरार रखी है। सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने उपचुनाव में अपना परचम लहराते हुए तीनों सीटों पर कब्जा जमाया है। टीएमसी ने बीजेपी और कांग्रेस से एक-एक सीट झटक ली है। लोकसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन के बाद 2021 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी बीजेपी के लिए नतीजों ने नई चुनौती खड़ी कर दी है। यहां तक कि प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष दिलीप घोष के गढ़ में भी पार्टी को हार का सामना करना पड़ा है।

# पिथौरागढ़ सीट पर बीजेपी की जीत

## बीजेपी की चंद्रा पंत ने कांग्रेस की अंजू लुंठी को हराया

■चंद्रा पंत ने अंजू लुंठी को 3,267 मतों से हराया

■पंत के पति प्रकाश का इस साल हो गया था निधन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

देहरादून। उत्तराखंड की पिथौरागढ़ विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए गुरुवार को हो रही मतगणना के बाद भारतीय जनता पार्टी के खाते में जीत आई। बीजेपी की चंद्रा पंत ने अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस की अंजू लुंठी को करीब 3,267 मतों से हराया।

बता दें कि पिथौरागढ़ में कांग्रेस बनाम बीजेपी की कड़ी लड़ाई है। मैदान में उतरीं चंद्रा पंत, त्रिवेंद्र सिंह रावत मंत्रिमंडल में मंत्री रहे प्रकाश पंत की पत्नी हैं।

प्रकाश पंत का इस वर्ष बीमारी के चलते निधन हो गया था, जिसके बाद यह सीट खाली हो गई थी। उनके सामने कांग्रेस की अंजू हैं।

बता दें कि चंद्रा और अंजू दोनों ही पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ रही हैं । इस सीट पर वोट 25 नवंबर को डाले गए थे जब 47.48 फीसदी मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया था। विधानसभा में जबरदस्त बहुमत के साथ सत्तासीन बीजेपी की जहां इस सीट पर प्रतिष्ठा दांव पर है, वहीं मुख्य विपक्षी कांग्रेस ने भी अपनी संख्या को बढ़ाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी।



### उत्तराखंड की राजनीति के लिए रिजल्ट अहम

यह सीट उत्तराखंड की सियासत के लिए बेहद अहम है। चंद्रा पंत के समर्थन में बीजेपी के शीर्ष नेताओं के साथ ही स्वयं मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने भी जनसभाएं कर लोगों से पार्टी प्रत्याशी के लिए वोट मांगे थे। कांग्रेस महासचिव और पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने पिथौरागढ़ में बाजी अपने पक्ष में करने के लिए जमकर प्रचार किया था।

## झूठ का ऐसा बवंडर खड़ा किया गया कि सच्चाई छिप गईः प्रज्ञा ठाकुर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। संसद में गोडसे बयान को लेकर विपक्ष से लेकर अपनी पार्टी के निशाने पर आईं बीजेपी सांसद प्रज्ञा ठाकुर ने खुद को बेकसूर बताया है। प्रज्ञा ने गुरुवार को ट्वीट कर कहा कि उनके बयान को गलत तरीके से पेश कर झूठ फैलाया जा रहा है, जिससे सच्चाई छिप गई है। बता दें बीजेपी ने प्रज्ञा पर सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें डिफेंस कमिटी से निकाल दिया है। इसके साथ ही पार्टी की संसदीय दल की बैठक में आने से भी रोका गया है। साध्वी के बयान को लेकर विपक्ष पीएम मोदी और सरकार पर हमलावर है।

# नागरिकों के प्रिवेसी की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध

### वॉट्सऐप जासूसी

■राज्यसभा में उठा वॉट्सऐप जासूसी विवाद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। वॉट्सऐप जासूसी मामले में सरकार ने गुरुवार को संसद में कहा कि वह वॉट्सऐप जैसे मेसेजिंग प्लेटफॉर्मों पर नागरिकों की निजता और सुरक्षा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। राज्यसभा में कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जवाब में दूरसंचार मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि सरकार मेसेजिंग प्लेटफॉर्मों को और ज्यादा सुरक्षित बनाने की दिशा में काम कर रही है। प्रसाद ने जोर देकर कहा कि जासूसी विवाद के सामने आने के इतने दिनों बाद भी अभी तक किसी ने कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को जानबूझकर राजनीतिक रंग दिया जा रहा है।

प्रसाद ने कहा, 31 अक्टूबर 2019 को मीडिया में यह खबर आई कि इजरायली स्पाइवेयर पेगासस के जरिए वॉट्सऐप पर जासूसी की गई। इस मामले में दूरसंचार मंत्रालय ने न्यूज रिपोर्ट का संज्ञान लेते हुए 1 नवंबर को वॉट्सऐप को मेल लिखकर 4 नवंबर तक जवाब मांगा।

वॉट्सऐप ने बताया कि अप्रैल से मध्य मई 2019 के बीच इसके बारे में पता चला और मई में ही इसे ठीक कर लिया गया। दुनियाभर में करीब 1400 मोबाइल फोनों पर स्पाइवेयर भेजा गया। दूरसंचार मंत्री ने कहा कि मई 2019 में वॉट्सऐप ने सरकार को बस इतना बताया था कि कुछ खतरा था लेकिन समस्या को फिक्स कर दिया गया है और आगे कुछ करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, 26 जुलाई 2019 और 11 सितंबर 2019 को वॉट्सऐप के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक हुई थी लेकिन तब कंपनी ने इस खतरे का कोई जिक्र नहीं किया था।

### रविशंकर प्रसाद ने कहा, जानबूझकर दिया जा रहा है राजनीतिक रंग

रविशंकर प्रसाद ने बताया कि वॉट्सऐप ने 5 सितंबर 2019 को बताया कि मई 2019 में उसे स्पाइवेयर से जासूसी के बारे में पता चला। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट्स के मुताबिक हैकर्स ने करीब 121 भारतीयों को टारगेट करने की कोशिश की थी। दूर संचार मंत्री ने यह भी बताया कि 18 नवंबर 2019 को वॉट्सऐप का जवाब मिला। इसके बाद 26 नवंबर को वॉट्सऐप से कुछ और डीटेल मांगे गए।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in